## कक्षा 8वीं के बच्चों की हुई समारोह पूर्वक विदाई



**बड़वानी।** एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय बड़गांव में गुरूवार को कक्षा 6ठी, 7वीं के बच्चों द्वारा कक्षा 8वीं के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कनिका गोले ने उद्बोधन दिया। मनीषा, नम्रता और नंदिनी ने विदाई गीत प्रस्तुत किया। सभी बालक और बालिकाओं का फूलमाला से स्वागत तथा बच्चों द्वारा गिफ्ट भी दिए गए। विदाई लेने वाले बच्चों की आंखें खुशी से नम हो गई। प्रधान पाठक अनिल जोशी ने बच्चों से कहा कि यहां से जाने के बाद आगे की पढ़ाई निरंतर जारी रखना। कभी भी पढ़ाई के लिए किसी भी तरह की मदद की आवश्यकता हो, तो स्कूल के शिक्षकों से संपर्क करना। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अशफाक शेख ने किया। इस अवसर पर शिक्षक मनोज केशरी, रामकिशन पंवार, भीमसिंह अलावा, जागृति परिहार, दुर्गा चौहान, बबीता मंडलोई, रजनी पारगिर एवं रेखा बामनिया उपस्थित थे। आभार शिक्षक रामकिशन पंवार ने माना।

## निवाली में धूमधाम से मनाई शिवाजी जयंती



**निवाली।** नगर में शिवाजी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा सुबह से ही भगवा कपड़ा पहन कर महाराष्ट्रीयन वेश भूषा में महिलाएं एवं पुरुषों द्वारा सिर पर साफा बंधवाकर नगर में भगवा मय माहौल में घोड़े पर सवार होकर नगर भ्रमण पर शिवाजी निकले। शोभायात्रा श्री राम मंदिर से होते हुए सुभाष मार्केट पहुंची, जिसके बाद मुख्य बस स्टैंड होते हुए आतिशबाजी की गई। वहीं राठौड़ समाज द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों एवं शिवाजी के चित्र पर पुष्प वर्षा की गई। वहीं शिवाजी के नारे पूरे नगर में गूंज उठे महाराष्ट्रीयन समाज के अध्यक्ष गणेश शितोले ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाराष्ट्रीन समाज द्वारा धूमधाम से शिवाजी जयंती मनाई। महाराष्ट्रीयन वेश भूषा धारण कर घोड़े पर शिवाजी को बैठकर नगर भ्रमण कराया गया। शिवाजी जयंती को लेकर समाजजनों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर सभी समाज जन शिवाजी चल समारोह में शामिल हुए। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिसोदिया उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अखिलेश सोनी, नगर परिषद सीएमओ रूपसिंह सोलंकी, कैतराम ब्राह्मने वहीं थाना प्रभारी आरके लौवंशी अपनी पूरी टीम के साथ में चल समारोह में मुस्तैद नजर आए। इस अवसर पर अध्यक्ष गणेश शितोले, उपाध्यक्ष आनंद निकवाडे, मोहन निकुम, दिगम्बर मंडे, प्रभाकर सेंदने, सचिन शितोले, पुरुषोत्तम वर्षाले, जितेंद्र मंडे, गणेश साबले, सुरेश शिंदे, नितिन शितोले, अरुण जगताप, मधुकर अहीरे, बाबूलाल अहीरे, मुकेश जोगी, दिलीप ठाकरे, रविन्द्र निकुम, राजेश चौहान आदि लोग सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए।

## निसान ने ऑल-न्यू ग्रेवाइट लांच की

**इंदौर.** निसान मोटर ने 5 .65 लाख रुपये की आकर्षक शुरुआती कीमत में ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट को लॉन्च करने का एलान किया. बोल्ड और गेम चेंजिंग 7-सीटर एमपीवी ग्रेवाइट भारत में निसान के सफर के नए अध्याय की शुरुआत है. निसान एंड इनफिनिटी के डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट एवं मिडिल ईस्ट, केएसए, सीआईएस एवं भारत के प्रेसिडेंट थियरी सबाग ने कहा भारत निसान की वैश्विक महत्वाकांक्षाओं के केंद्र में है. ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट सिर्फ एक प्रोडक्ट की लॉन्चिंग नहीं है, बल्कि यह भारत में निसान के सतत विकास के नए चरण की शुरुआत है. निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा, 'ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट भारतीय परिवारों की विविधता, व्यापकता एवं महत्वाकांक्षाओं से प्रेरित है. हमारे लिए ग्रेवाइट सिर्फ एक प्रोडक्ट की पेशकश नहीं है. यह एक वादा है कि निसान ऐसे वाहन को डिजाइन करना, मैन्यूफैक्चर करना और उनमें निवेश करना जारी रखेगी, जो सच्चे अर्थों में भारत की मोबिलिटी की महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप हों.

## सैमसंग के अगले एआई स्मार्टफोन का प्री-रिजर्वेशन शुरू

**इंदौर.** सैमसंग ने अपने अगले एआई स्मार्टफोन के लिए भारत में प्री-रिज़र्वेशन की घोषणा कर दी है. इस नई गैलेक्सी स्सीरीज़ स्मार्टफोन को 25 फरवरी को सैन फ्रांसिस्को में आयोजित 'गैलेक्सी अनपैक्ड' कार्यक्रम में पेश किया जाएगा. ग्राहक 999 रुपये की रिफंडेबल टोकन राशि देकर नए गैलेक्सी एस सीरीज़ डिवाइस को प्री-रिज़र्व कर सकते हैं. प्री-रिज़र्वेशन सैमसंग.कॉम, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, अमेजन, फ्लिपकार्ट और देशभर के प्रमुख रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध है. प्री-रिज़र्व करने वाले ग्राहकों को नए गैलेक्सी एस सीरीज़ डिवाइस की खरीद पर 2,699 रुपये तक के विशेष लाभ मिलेंगे. कंपनी के अनुसार, नई गैलेक्सी एस सीरीज़ को इस तरह तैयार किया गया है कि रोज़मर्रा के काम आसान हों, यूजर का आत्मविश्वास बढ़े और गैलेक्सी एआई फीचर्स शुरू से ही सहज और स्वाभाविक अनुभव दे.

## अबंडंशिया एंटरटेनमेंट और इनवीडियो ने की पार्टनरशिप

**इंदौर.** अबंडंशिया एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-पावर्ड स्टोरीटेलिंग डिवीजन एआई ऑन के तहत, आज एआई-ड्रिवन फिल्म प्रोडक्शन स्टूडियो लॉन्च करने के लिए ग्लोबल एआई वीडियो टेक्नोलॉजी लीडर, इनवीडियो के साथ एक स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप अनाउंसमेंट की. इस पार्टनरशिप को 100 करोड़ रुपए के इन्वेस्टमेंट से सपोर्ट मिला है, जिससे यह भारत में एआई-ड्रिवन फिल्ममेकिंग के लिए अब तक का सबसे बड़ा स्ट्रक्चर्ड कमिटमेंट बन गया है. विक्रम मल्होत्रा, फ़ाउंडर और सीईओ, अबंडंशिया एंटरटेनमेंट ने कहा फ़िल्म बनाने में आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस अब हक़ीक़त बन चुका है. अबंडंटिया एआईऑन के साथ हम एक ऐसा भविष्य बना रहे हैं जहाँ एआई फ़िल्ममेकर की आवाज़ को मज़बूत और असरदार बनाएगा, उसे बदलेगा नहीं. हमारी इनवीडियो के साथ साझेदारी हमें एक ऐसा क्रिएटिव स्टूडियो बनाने का मौका देती है जो इंसानी कल्पना, लेखन और बुद्धिमत्ता को मिलाकर ऐसी कहानियाँ रचेगा जो दिल को छूने वाली हों और तकनीक के लिहाज़ से नई राह दिखाने वाली हों.

## सुरलय म्यूजिकल ग्रुप द्वारा गीत संगीत कार्यक्रम

**इंदौर.** सुरलय म्यूजिक ग्रुप द्वारा जाल सभागृह में शानदार गीत संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. ग्रुप के संयोजक दीपक जैन एवं सचिन जैन ने बताया कि यह कार्यक्रम इंदौर के बेहतरीन गायक और गायिकाओं के साथ मिलकर आयोजित किया गया, जिसमें प्रमुख स्वर विनेश खरे, मयंक थनवार, दिव्यांश परमार, शक्ति भट्ट,मनोज सनोठिया, विसा मेहता, के द्वारा प्रदान किए गए. कार्यक्रम में विनेश खरे ने, हुस्न की वादियों में,प्यार करने वाले डरते नहीं,जिंदा रहने के लिए तेरी कसम, गीत गाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया. वहीं मयंक थनवार ने तुमने मुझे देखा,होकर मेहरबान, रोमांटिक गीत गाकर दर्शकों का दिल जीत लिया.

## ओपन सोर्स एआई बाजार को बढ़ावा देने की प्रमुख कुंजी

**इंदौर.** लिनक्स फाउंडेशन, जो ओपन सोर्स के माध्यम से बड़े पैमाने पर इनोवेशन को सक्षम बनाने वाली गैर-लाभकारी संस्था है, ने मेटा के साथ साझेदारी में आज एक नई रिपोर्ट जारी की है. यह रिपोर्ट भारत में एआई को अपनाने और देश के लिए तकनीक द्वारा प्रस्तुत आर्थिक व सामाजिक अवसरों की जांच करती है. इस रिपोर्टमें दिखाया गया है कि 76% भारतीय स्टार्टअप्स ओपन सोर्स एआई का उपयोग कर रहे हैं, जिससे कम लागत में इनोवेशन और अनुकूलन संभव हो रहा है. लिनक्स फाउंडेशन की रिसर्च और कम्युनिकेशंस की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट हिलेरी कार्टर ने कहा भारत ओपन सोर्स का उपयोग करके एआई क्रांति में अपनी खुद की राह तय कर रहा है.

# पांच हजार की मांग के आरोप पर हंगामा, जनपद सदस्यों ने अधिकारी को घेरा

### जनपद पंचायत सेंधवा में विकास कार्यों के बिल पास कराने को लेकर एक बार फिर गंभीर आरोप सामने आए हैं

**सेंधवा, ( रमन बोरखड़े )।**
जनपद पंचायत सेंधवा में विकास कार्यों के बिल पास कराने को लेकर एक बार फिर गंभीर आरोप सामने आए हैं। जनपद सदस्यों ने मनरेगा सहायक लेखाधिकारी पर्वत मंडलोई पर बिल पास करने के बदले 5 हजार रूपए कमीशन मांगने का आरोप लगाया है। बुधवार को इसी मुद्दे पर जनपद पंचायत परिसर में हालात इतने बिगड़े कि जनपद सदस्य सीधे अधिकारी के कक्ष में जा पहुंचे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया।



**आरोप गलत**

मामले में मनरेगा सहायक लेखाधिकारी पर्वत मंडलोई ने बताया कि मुझ पर लगाए आरोप गलत हैं। मामले में जब जपं सीईओ अंजली बड़ोले से संपर्क करना चाहा, तो कॉल रिसीव नहीं किया।

**जांच कराएंगे**

मामले में कलेक्टर जयति सिंह ने कहा कि मामले में संबंधितों से चर्चा कर जांच कराएंगे। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

जनपद सदस्य अशोक गर्ग ने खुले तौर पर अधिकारी को लताड़ते हुए कहा तुम किस बात के 5 हजार मांगते हो। वहीं जनपद सदस्यों का कहना है कि विकास कार्यों से जुड़े बिलों को जानबूझकर रोका जा रहा है, अनावश्यक देरी की जा रही है और कथित तौर पर रिश्वत मांगी जा रही है। सवाल यह है कि अगर जनप्रतिनिधियों से ही कमीशन मांगा जाएगा, तो आम जनता के काम किस कीमत पर होंगे।

जनपद सदस्यों ने इस पूरे मामले में अधिकारियों से जवाब मांगा और निष्पक्ष जांच की मांग की। विरोध के दौरान सदस्यों ने नोटिस के माध्यम से भी आरोप दर्ज कराए। इसी बीच आरोपों से घिरे मनरेगा सहायक लेखाधिकारी मंडलोई कक्ष से उठकर बाहर निकल गए, जिससे नाराजगी और बढ़ गई। जनपद सदस्यों ने साफ कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उच्च अधिकारियों को ज्ञापन देकर पूरे मामले को ऊपर तक ले जाएंगे।

जनप्रतिनिधियों का कहना है कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही अनिवार्य है और किसी भी तरह की अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि जनपद पंचायत में विकास की फाइलें आगे बढ़ रही हैं या रेट देखकर।

**पारदर्शिता अनिवार्य है**
- विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही अनिवार्य है।
- अनियमितता स्वीकार नहीं।

# तीन दिवसीय मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव हुआ प्रारंभ

### तृतीय दिवस भव्य कलश मूर्ति शोभायात्रा

**पानसेमल, ( नवभारत )।**
नगर के नाथ दरबार में तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव गुरुवार गणेश पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। नाथ दरबार में श्री श्री 1008 ब्रम्हलीन खड़ेश्वरी बाबा रविनाथ बाबा, 108 ब्रम्हलीन गोदावरी नाथ (माई) 108 ब्रम्हलीन मंहत श्रावणनाथ (उड़ी बाबा) की प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ भगवान शनि महाराज की शिला पुनः स्थापित की जाएगी। 21 फरवरी तक चलने वाले धार्मिक अनुष्ठान में गुरुवार गणेश पूजन, मंडप स्थापना और गृह हवन, शुक्रवार सुबह 8 बजे से मूर्ति अभिषेक, मूर्ति न्यास और रात 9 बजे से प्रभु के भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी जाएगी।

तृतीय दिवस शनिवार सुबह 8 बजे से भव्य कलश मूर्ति शोभायात्रा और दोपहर 12 बजे से संतों का पूजन अतिथियों का स्वागत उद्बोधन एवं विशाल महाआरती का आयोजन किया जाएगा। आयोजक समिति द्वारा समस्त धर्म प्रेमी जनता को निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का पुण्य लाभ प्राप्त करें।



## निवाली रोड पर बनाए स्पीड ब्रेकर

**बड़वानी।** कस्बा सेंधवा में सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्टेट हाईवे से निवाली मार्ग पर तेज गति से संचालित हो रहे वाहनों पर नियंत्रण के उद्देश्य से महत्वपूर्ण पहल की गई है। एसडीएम सेंधवा आईएएस आशीष सिंह के प्रयासों व मार्गदर्शन में 18 फरवरी को स्टेट हाईवे से निवाली रोड पर 9 स्थानों पर गतिअवरोधक (स्पीड ब्रेकर) का निर्माण कराया गया। इस दौरान एसडीओपी सेंधवा अजय वाघमारे एवं थाना प्रभारी सेंधवा शहर दिनेश सिंह कुशवाह की उपस्थिति में कार्य पूर्ण कराया गया। उक्त मार्ग पर पूर्व में अत्यधिक गति के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। गतिअवरोधकों के निर्माण से अब वाहन चालकों को नियंत्रित गति से वाहन चलाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आने की संभावना है। प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि यातायात नियमों का पालन करेंए निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं तथा स्वयं एवं अन्य नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

**एक नजर में** — महाविद्यालय में हुआ आयोजन, वक्ताओं ने किया सम्बोधित

# राष्ट्रीय सेमिनार का किया शुभारंभ




**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी, 20 फरवरी**
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के प्रायोजन और वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित विकसित भारत 2047 सशक्त राष्ट्र विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का शुभारम्भ किया गया। शोध संगोष्ठी के संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ वीणा सत्य, विभागध्यक्ष डॉ सपना सोनी, मुख्य वक्ता डॉ विजय कुमार गोनेकर प्राचार्य नंदुरबार महाविद्यालय और विशेष अतिथि डॉ मनोहर सोमानी कुल सचिव क्रांतिसुर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन के आतिथ्य में हुआ। संयोजक डॉ जयराम बघेल ने बताया कि राष्ट्रीय सेमिनार में अतिथियों का परिचय देते हुए मुख्य वक्ता डॉ विजय कुमार और डॉ मनोहर लाल सोमानी, डॉ वीणा सत्य और डॉ सपना सोनी का परिचय दिया।

डॉ गौनेकर ने वर्तमान समय की महत्वाकांक्षी योजनाओं की रणनीति पर प्रकाश डाला। साथ ही विकास के सर्वोपरि मापन के रूप में आर्थिक स्थिति को इंगित किया। डॉ सत्य ने सशक्त भारत के सपनों को साकार करने में कृषक वर्ग, युवा वर्ग, महिला वर्ग एवं जनजातीय समाज के सशक्त योगदान पर चर्चा की। डॉ रविंद्र बरडे द्वारा शोध स्मारिका का विमोचन किया गया, जिसमें बताया कि इस राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी स्मारिका में 64 शोध पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 43 शोध पत्र हिंदी और 21 अंग्रेजी में प्राप्त हुए। विकसित भारत 2047 एक सशक्त राष्ट्र विषय की उप शीर्षकों को समाहित करते हुए शोध स्मारिका का प्रकाशन किया गया।

अतिथि परिचय एवं स्वागत भाषण डॉ जयराम बघेल संगोष्ठी संयोजक द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ बलराम बघेल ने किया एवं आभार डॉ सीताराम सोलंकी ने माना।

**विचार-विमर्श प्रस्तुत किए**

मुख्य अतिथि डॉ मनोहर दास सोमानी ने भारत की अर्थव्यवस्था कृषि उद्योग विदेशी मुद्रा विकसित भारत रक्षा क्षेत्र के आपूर्ति विद्यार्थियों के कौशल आदि विषय पर विचार-विमर्श प्रस्तुत किया।

# एआई तकनीक के साथ अपडेट रहना आवश्यक

**शारदोत्सव का समापन दिवस**

**इंदौर. शारदोत्सव के समापन दिवस आयोजन में परिचर्चा, सम्मान समारोह एवं सांगीतिक कार्यक्रम की उत्कृष्ट प्रस्तुति दी गई. 64 शारदोत्सव के अंतिम दिवस साहित्यिक परिचर्चा का आयोजन प्रखर वक्ता, डॉ .उदय निरगुडकर ( ठाणे ) की अध्यक्षता में जाल सभागृह में किया गया.**

परिचर्चा का विषय था अक्षर संवाद: मानवी प्रतिभा आणि मशीनी बुद्धिमत्ता में वक्ता अजय बोकिल ने कहा कि पत्रकारिता क्षेत्र में भी ए.आई. का प्रयोग हो रहा है. इस तकनीक को समझकर रोजाना इसका अभ्यास करके इस तकनीक के साथ अपडेट रहना आवश्यक है. वक्ता एवं रंगकर्मी सागर शेंडे ने कहा कि एआई का उपयोग कर नाटक के मंचन में आसानी हुई है. रंगमंच पर लगने वाले सेट को और अधिक आकर्षक बनाया जाता है. साथ ही शोधकर्ता लेखक के लिए यह बहुत सहायक हैं. डॉ. नीरगुड़कर ने भारतवर्ष के अलावा इसके वैश्विक उपयोग एवं असर पर प्रकाश देकर कहा कि अपने देश में इसका प्रयोग तेजी से बढ़ रहा हैं अत: इसका रोजाना अध्ययन आवश्यक है. अपने आप को रोजाना इसके बारीकियों को समझना एवं अपडेट रहना आज के युग की आवश्यकता है. संचालन अंतरा करवड़े द्वारा किया गयाय तत्पश्चात डॉ .नीरगुडकर के समापन भाषण से यह सत्र समाप्त हुआ.



**पुरस्कार किए वितरित**

द्वितीय सत्र में पुरस्कार वितरण का आयोजन हुआ. 10 केन्द्रों पर आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं के संयोजकों एवं केंद्र प्रमुख एवं केंद्र सहायकों का सम्मान अतिथिगण संभागायुक्त सुदाम खाड़े एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे द्वारा किया गया. तत्पश्चात ख्यातनाम संगीतकार श्री श्रीनिवास खळे के जन्मशताब्दी वर्ष निमित्य उनके रचनाओं पर आधारित संस्था स्वरश्री द्वारा निर्मित सुश्राव्य सांगीतिक आयोजन आनंद तरंग की प्रस्तुति में गायक स्वरदा गोडबोले, ऋषिकेश बडवे एवं धवल चांदवडकर सुश्राव्य गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को अभिभूत कर दिया. विश्वस्त प्रदीप चौधरी एवं मिलिंद महाजन सचिव विनीता धर्म मंचासीन थे. स्वागत अनिल जोशी, सभा के अध्यक्ष अश्विन खरे, सचिव प्रफुल्ल कस्तूरे आदि ने किया. संचालन मानसी तरानेकर, मिलिंद देशपांडे ने किया. आभार विनीता धर्म ने माना।

# तिरुपति बालाजी वेंकटेश देवस्थान का तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव प्रारंभ

**विभिन्न सुगंधित द्रव्यों और पवित्र नदियों के जल से हुआ भगवान बालाजी का महाभिषेक**

**इंदौर.** आज प्रात: गुमास्ता नगर स्थित तिरुपति बालाजी वेंकटेश देवस्थान में सैकड़ो की संख्या में उपस्थित भक्तजनों ने गोविंदा गोविंदा का जय घोष किया. विभिन्न सुगंधित द्रव्यों और और पवित्र नदियों के जल से भगवान बालाजी का महाअभिषेक झालरिया पीठाधीश्वर स्वामी श्री घनश्यामाचार्य जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ.

देवस्थान के पुरुषोत्तम पसारी व लक्ष्मण पटवा ने बताया कि बालाजी वेंकटेश देवस्थान का 29 वां वार्षिक उत्सव आज प्रात: धूमधाम से प्रारंभ हुआ. सुबह मंदिर के पुजारी एवं भक्तों ने मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया. सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति में भगवान का महाअभिषेक किया गया. इस अवसर पर 108 कलशों में दूध दही केसर पंचामृत वह पवित्र नदी के जल



से भगवान का अभिषेक संपन्न हुआ। बलराम बजाज एवं कृष्ण मूंदड़ा ने बताया कि बड़ी संख्या में स्त्री पुरुष इस अवसर पर मौजूद थे. सभी ने गोविंदा गोविंदा का जय घोष लगाया. रामस्वरूप मूंदड़ा ने बताया कि शाम भगवान की पालकी यात्रा मंदिर परिसर में निकली. भक्त पालकी को कंधे पर धारण किए हुए थे. भजन मंडलियों ने कीर्तन आदि किया. तत्पश्चात भगवान को पुन: मंदिर में विराजित किया गया. रात्रि को महा आरती हुई एवं प्रसाद वितरण भी किया गया.

# बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए आईवीएफ और एम्ब्रियो सलेक्शन से कराया बच्ची का जन्म




**इंदौर.** नोवा आईवी एफ इंदौर के फर्टिलिटी एक्सपर्ट्स ने मेडिकल इतिहास में एक प्रेरक और दुर्लभ उपलब्धि हासिल की है. उन्होंने आई.वी.एफ और एम्ब्रियो सिलेक्शन द्वारा एक बच्ची का जन्म कराया, ताकि उसकी बहन को बोनमैरो ट्रांसप्लांट द्वारा थैलेसेमिया से बचाया जा सके.

कायरा को जन्म से ही थैलेसेमिया मेजर था. यह खून का एक जेनेटिक विकार होता है, जिसके लिए आजीवन बार-बार खून बदलने की जरूरत पड़ती है. लेकिन बोन मैरो ट्रांसप्लांट की मदद से थैलेसेमिया को ठीक किया जा सकता है. इसके लिए नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी, इंदौर के विशेषज्ञों ने उसकी छोटी बहन युविका का जन्म कराया. सेवियर सिबलिंग वह स्वस्थ बच्चा होता है, जिसे आईवीएफ और जेनेटिक जांच की मदद से इस तरह जन्म दिया जाता है कि वह अपने बीमार भाई या बहन के इलाज में मदद कर सके. इन दोनों बच्चियों, कायरा और युविका के माता-पिता मनीष पटेल और स्नेहा पटेल हैं. कायरा की उम्र आठ साल है. क्लिनिकल डायरेक्टर एवं फर्टिलिटी विशेषज्ञ, डॉ. कल्याणी श्रीमाली ने कहा मनीष और स्नेहा पटेल हमारे पास कोविड महामारी के समय आए थे. हमें ऐसा एम्ब्रियो पहचानने में लगभग दो साल लगे, जिसे थैलेसेमिया मेजर नहीं था और जो उनकी बेटी के एच.एल.ए के साथ मैच था. इस केस से साबित होता है कि आईवीएफ से इन्फर्टिलिटी का ही इलाज नहीं मिलता, बल्कि इससे जेनेटिकबीमारियों को रोकने में भी मदद मिलती है, और बच्चों की जेनेटिक बीमारियों का इलाज भी मिल सकता है, जैसा कि इस मामले में हुआ. बिश्वनाथ गांगुली, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, नोवा आई.वी.एफ फर्टिलिटी ने कहा हम नोवा में सुरक्षित, पारदर्शी और एथिकल फर्टिलिटी केयर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

**एक नजर में** — भौतिकविदों के दो दिवसीय बौद्धिक समागम के अमृत उत्सव का समापन

# अद्यतन ज्ञान पाने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं शोधार्थी



**इंदौर.** शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय इंदौर के भौतिकी विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी इमर्जिंग अडवांसमेंट एंड इनोवेशन इन साइंसेस (आईसीईएआईएस2026) ऐंड रिसर्च स्कॉलर्स वर्कशॉप ऑन इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप के द्वितीय दिवस का आरंभ डॉ, निधि परमार द्वारा अमेरिका से सहभागिता कर रहे विषय विशेषज्ञ डॉ कमल आर ढकाल,सीनियर वैज्ञानिक-2, अब्वी के परिचय से हुआ. डॉ ढकाल ने रिस्टोरिंग विजन टू द ब्लाइंड यूजिंग ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स विषय पर अपना व्याख्यान दिया.

डॉ. ढकाल ने विजन साइंस, रिसलूशन आफ़ आई लेसर इण्ड्यूस डिसीज मॉडल पर विस्तार से रोचक जानकारी दी. साथ ही तीन समानांतर सत्रो में विभिन्न विषयों के शोधार्थियो ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए. इन सत्रों में डॉ विपुल कीर्ति शर्मा, डॉ. स्वागता गुप्ता और डॉ. नमिता सिसौदिया सेशन चेयरपर्सन रहे. सत्र के निर्णायक डॉ. रविन्द्र पाल, डॉ. बीएल पांडे, डॉ. संध्या दीक्षित, डॉ. अंगूरबाला बापना, डॉ. एनपी राजपूत और डॉ जितेंद्र भावसार रहे. पोस्टर प्रेजेंटेशन के निर्णायक डॉ. महेश ढोंडे, डॉ. मलयज दस और डॉ शुभांगी सोनी रहे. साथ ही स्टार्टअप, इनोवेशन और मॉडल प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. कमल चौधरी, डॉ. उत्तम शर्मा और डॉ आश्विनी कुमार रहे. इस समागम में एमएससी भौतिकी के विद्यार्थियों का शोध सम्बंधित ओरल प्रजेंटेशन सभी के आकर्षण का केंद्र रहा. विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई सांस्कृतिक प्रस्तुति एवं 130वर्षों की भौतिकी की यात्रा के सजीव चित्रण को भी बहुत सराहा गया. कार्यक्रम के समापन सत्र में डॉ आर सी दीक्षित, अतिरिक्त संचालन,उच्च शिक्षा विभाग मुख्य अतिथि रहे. उन्होंने कहा इस संगोष्ठी में प्रस्तुत किए गए पत्रों एवं नई शोध को अपने अध्ययन में शामिल करे. उन्होंने शोधार्थियों को अद्यतन ज्ञान पाने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण को अपनाने का सुझाव दिया.

**विज्ञान क्षेत्र में सतत नवाचार करें**

विभिन्न सत्रो में ओरल श्रेष्ठ प्रेजेंटर भाविका पांडे, संजय गुप्ता, आकाश गौतम, पूजा वर्मा, घाना बेडेकर और उज्जवल महाजन रहे. श्रेष्ठ पोस्टर मनीष टेकम, पूजा जैन, उत्संग कुमार और शालिनी मिश्रा के रहे. प्राचार्य डॉ अनामिका जैन ने सफल आयोजन पर विभाग को बधाई दी. भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. नागेश डगांवकर ने आभार माना. डॉ. प्रदीप शर्मा विभागाध्यक्ष कंप्यूटर में दोनों दिन के कार्यक्रमों को सारगर्भित कर, उनके परिणामों को सदन के सामने प्रस्तुत किया. डॉ. शर्मा ने पूरे सदन को प्रोत्साहित कर विज्ञान क्षेत्र में सतत नवाचार करने की बात कही. सत्रों की सफलता पर डॉ. हेमराज सिंह डागर ने आभार माना.